# अनुबंध –3

## 01.04.2022 से 31.03.2023 के दौरान राजभाषा संबंधी गतिविधियाँ

***अनुवाद कार्य***

पाठ्यक्रम अभिलेख, प्रदत्त उपाधियों का अभिलेख, अनंतिम प्रमाण पत्र, उपाधि प्रमाण पत्र तथा अन्य सभी प्रकार के प्रमाण-पत्र जैसे प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र / योग्यता प्रमाण पत्र आदि हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषी रूप में ही तैयार, मुद्रित और जारी किए गए। संस्थान पुस्तिका, वार्षिक रिपोर्ट 2021-2022 हिंदी में मुद्रित की। प्रशासनिक तथा अन्य विभागों में प्रयोग किए जाने वाले मानक प्रपत्रों का द्विभाषीकरण किया गया। परिचय कार्ड, नामपट्ट तथा रबड़ की मुहरें द्विभाषी रुप में तैयार की गईं।

***हिंदी कार्यशालाएं***

आईआईएसटी, वलियमला में चार हिंदी कार्यशालाएं – कार्यपालकों के लिए **जून 14, 2022** को, संकाय सदस्यों के लिए **सितंबर 28, 2022** को, प्रशासनिक क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए **दिसंबर 19, 2022** को तथा तकनीकी क्षेत्र के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए **मार्च 09 एवं 10, 2023** को आयोजित कीं।





कार्यपालक







संकाय सदस्य          प्रशासनिक क्षेत्र के कर्मचारी गण          तकनीकी क्षेत्र के अधिकारी गण

***राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें***

आईआईएसटी, वलियमला में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा करने के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार तिमाही बैठक 28.06.2022, 23.09.2022, 13.12.2022 एवं 30.03.2023) को आयोजित कीं और संस्थान में हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित चार तिमाही प्रगति रिपोर्ट राजभाषा विभाग को भेज दी। इन बैठकों में राजभाषा हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने पर जोर दी गई और इसके लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्णय लिए गए ।

***सेवाकालीन हिंदी प्रशिक्षण***

हिंदी भाषा प्रशिक्षण के लिए शेष कर्मचारियों में से **जनवरी – मई 2022** सत्र में **प्रबोध के लिए** 4, **प्रवीण के लिए 5** अधिकारियों को और **जुलाई – नवंबर 2022** सत्र में **प्रबोध के लिए** 1 एवं **प्रवीण के लिए 7** अधिकारियों को नियमित पाठ्यक्रम में पंजीकृत करवाया। सहायक निदेशक (राजभाषा) ने मई 2022 के दौरान आईआईएसटी में हिंदी शिक्षण योजना की प्रबोध और प्रवीण परीक्षा आयोजित की। तीन संकाय सदस्यों ने मई 2022 में राजभाषा विभाग की हिंदी शिक्षण योजना द्वारा आयोजित हिंदी प्रबोध परीक्षा और एक संकाय सदस्य ने हिंदी प्रवीण परीक्षा उत्तीर्ण की। नवंबर 2022 के दौरान राजभाषा विभाग की हिंदी शिक्षण योजना की प्रबोध और प्रवीण परीक्षा एलपीएससी में हुई जिसमें एक संकाय सदस्य ने हिंदी प्रबोध परीक्षा और एक संकाय सदस्य हिंदी प्रवीण परीक्षा उत्तीर्ण की।

### ***स्वतंत्रता दिवस समारोह – 2022***

स्वतंत्रता दिवस समारोह – 2022 के उपलक्ष्य में आईआईएसटी के छात्रों के लिए ऑनलाइन मोड में हिंदी कविता रचना और हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। इस समारोह में हिंदी शिक्षण योजना द्वारा आयोजित हिंदी प्रवीण परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किए गए आईआईएसटी के संकाय सदस्य को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।





*डॉ. आर. सुदर्शन कार्तिक, आईआईएसटी के निदेशक डॉ. सैम दयाल देव से प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए*

### ***जाँच बिंदुओं की स्थापना***

राजभाषा अधिनियम 1963, राजभाषा नियम 1976 और राजभाषा विभाग द्वारा समय समय पर जारी किए जाने वाले संबंधित आदशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जाँच बिंदु पुनः स्थापित किए गए।

***प्रोत्साहन योजना*** हिंदी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाने के उद्देश्य से हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहन योजना जारी रखी गई।

### ***हिंदी वार्तालाप कक्षा का आयोजन***

संस्थान के सभी छात्रों तथा नियमित एवं संविदा कर्मचारियों के लिए मौखिक रूप से हिंदी कक्षाओं का आयोजन किया गया।

### ***हिंदी पखवाड़ा समारोह 2022 का आयोजन***

हिंदी पखवाड़ा समारोह संस्थान में सितंबर महीने के दूसरे सप्ताह से मनाया गया। कर्मचारियों के लिए *तस्वीर क्या बोलती है, टिप्पण एवं आलेखन एवं हिंदी टंकण प्रतियोगिताएं* और संस्थान के छात्रों के लिए *हिंदी भाषण, हिंदी कविता रचना एवं हिंदी कहानी रचना* जैसी विविध प्रतियोगिताएं चलाई गईं। प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रतिदिन हिंदी भाषा के संबंध में **प्रमुख**

**हस्तियों की सूक्तियों** में से एक वेब मेल से प्रदर्शित की गई। प्रशासनिक क्षेत्रों के कर्मचारियों और तकनीकी क्षेत्रों के अधिकारियों/सहायकों के लिए हिंदी सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।





□□□□□ □□□□□□ □□□□□□□□- ***2022***

इस वर्ष अंतरिक्ष विभाग के पूल सी (वीएसएससी, एलपीएससी, आईपीआरसी, आईआईएसयू एवं एपीईपी) के केंद्रों, यूनिटों के सहयोग से आईआईएसटी में नवंबर 25, 2022 को ***"अंतरिक्ष अनुसंधान में हाल की प्रगति – नवाचार और उद्भवन के अवसर"*** विषय पर हिंदी तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया । श्री. निलेश एम. देसाई, निदेशक सैक ने संगोष्ठी के तकनीकी सत्र का मुख्य भाषण दिया। संगोष्ठी के दौरान वीएसएससी, एलपीएससी, आईपीआरसी, आईआईएसयू, एपीईपी एवं आईआईएसटी से अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान के विभिन्न पहलुओं पर चालीस लेख हिंदी में प्रस्तुत किए गए जिनमें आईआईएसटी के छह लेख भी शामिल थे । छह तकनीकी सत्र और एक पोस्टर सत्र रखे गए । प्रत्येक सत्र में उत्कृष्ट लेख प्रस्तुतकर्ता को पुरस्कार भी दिया गया । सभी लेखों पर संगोष्ठी में सार्थक चर्चा हुई तथा अद्यतन ज्ञान का आदान प्रदान हुआ जिससे सभी प्रतिभागी लाभान्वित हुए ।




*दीप प्रज्वलित करते हुए*




*लेख संग्रह का विमोचन*







*श्री. निलेश एम. देसाई, निदेशक सैक मुख्य भाषण देते हुए  समापन समारोह में  श्री. एस. सुरेश, नियंत्रक, एलपीएससी*
*मुख्य अतिथि से प्रमाण पत्र ग्रहण करते हुए डॉ. श्रीजा लक्ष्मी, आईआईएसटी*

### ***विश्व हिंदी दिवस समारोह – 2023***

आईआईएसटी में विश्व हिंदी दिवस समारोह – 2023 के उपलक्ष्य में जनवरी 11, 12 और 13, 2023 को संस्थान के छात्रों के लिए *हिंदी एकल गीत, हिंदी कविता रचना, वैज्ञानिक/तकनीकी सामग्री का अनुवाद* और कर्मचारियों के लिए जनवरी 10 और 16, 2023 को *श्रुतलेखन, सरल अनुवाद और स्मृति परिक्षा* जैसी विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जनवरी  26, 2023 को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।





### ***आईआईएसटी हिंदी गृह पत्रिका 'अंतरिक्ष धाराएं' – पांचवां अंक का विमोचन***



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की मार्च 2023 में हुई 46 वीं बैठक में  आईआईएसटी की हिंदी गृह पत्रिका **अंतरिक्ष धाराएं**' के पांचवें  अंक का विमोचन किया गया। पत्रिका में आईआईएसटी के छात्रों एवं कार्मिकों

के लेख, कविताएं तथा अंतरिक्ष विभाग / इसरो के इतर केंद्रों / यूनिटों के कर्मचारियों से तकनीकी लेख और विविधता से भरे रोचक कृतियों का समावेश किया गया है।

***आईआईएसटी न्यूज़ लेटर***

संस्थान के छमाही न्यूज़ लेटर आंशिक रूप से द्विभाषी है। इसमें संस्थान की राजभाषा संबंधी गतिविधियाँ हिंदी में प्रकाशित की जाती हैं।

***संस्थान को राजभाषा अधिनियम 1976 के नियम 10 (4) के अधीन हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कार्यालय के रूप में अधिसूचित किया जाना***

संस्थान में हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखने वाले कर्मचारियों की प्रतिशतता 80 के ऊपर है। संस्थान को राजभाषा अधिनियम 1976 के नियम 10 (4) के अधीन हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कार्यालय के रूप में अधिसूचित किया गया है। अत: हिंदी में **प्रवीणता प्राप्त** छह अधिकारियों को **निदेशक के हस्ताक्षर से व्यक्तिगत आदेश** भेजे गए हैं कि वे अपने आधिकारिक कार्यों में हिंदी का प्रयोग करें ।

***अनुभागों को अपना पूरा काम हिंदी में करने के लिए अधिसूचित करना***

संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम और आईआईएसटी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 41 वीं बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आईआईएसटी के निम्नलिखित तीन अनुभागों को अपना पूरा कार्य हिंदी में करने हेतु निर्दिष्ट किया गया है। वे हैं i) सामान्य प्रशासन ii) स्थापना अनुभाग iii) समीक्षा अनुभाग। आईआईएसटी के वार्षिक हिंदी निरीक्षण कार्यक्रम - 2023 के अनुसार, आतंरिक राजभाषा निरीक्षण समिति के निरीक्षण अधिकारियों ने दिनांक 07.09.2023 को इन अनुभागों का निरीक्षण किया।

***वार्षिक निरीक्षण***

वर्ष 2021-2022 के निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार वरिष्ठ प्रधान, कार्मिक व सामान्य प्रशासन, इसरो मुख्यालय द्वारा आईआईएसटी का निरीक्षण दिसंबर 09 2022 को किया गया और कुछ सुझाव भी दिए गए, जिनपर यथावश्यक कार्रवाई कर अनुपालन रिपोर्ट अवलोकनार्थ अनुबंध में संलग्न है। साथ ही संस्थान के कुलसचिव ने एचएसएफसी बंगलुरु का निरीक्षण कार्य नवंबर 30, 2022 को संपन्न किया ।

***नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) द्वारा आयोजित संयुक्त राजभाषा उत्सव में भागीदारी***

आईआईएसटी, वलियमला, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय - 2), तिरुवनंतपुरम के सदस्य कार्यालय है और इनके क्रियाकलापों में सक्रिय रूप से भाग लेता है। इसके तत्वावधान में आयोजित **संयुक्त राजभाषा उत्सव 2022-23** में संस्थान के कर्मचारियों ने भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त किया।

***संस्थान परिसर के वृक्षों का नाम त्रिभाषी रूप में प्रदर्शन***

संस्थान परिसर के बड़े वृक्षों के वानस्पतिक नाम, स्थानीय नाम, हिंदी तथा अंग्रेजी नाम प्रदर्शित करते हुए 30 नाम पट्ट लगाए गए।




**वर्ष 2023 के दौरान किए गए इतर कार्य**

***तकनीकी हिंदी संगोष्ठी में भागीदारी***

जून 2023 को आईआईएसयू द्वारा "**अंतरिक्ष रोबोटिकी भविष्य के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में सही मायने में दिक् परिवर्तक**" (तकनीकी विषय) पर आयोजित अंतर – केंद्र हिंदी तकनीकी संगोष्ठी में संस्थान के तीन तकनीकी अधिकारियों द्वारा लेख प्रस्तुत किए गए।

- स्नातक प्रवेश विवरणिका–2023 हिंदी में तैयार करना।
- आईआईएसटी **वेबसाईट** में हिंदी सामग्री अपलोड करना
- आईआईएसटी में स्वतंत्रता दिवस समारोह 2023 के उपलक्ष्य में संस्थान के छात्रों के लिए **नशाखोरी के खिलाफ विशेष जागरूकता कार्यक्रम** के दौरान अगस्त 9 व 10, 2023 को हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन।







*नारा एवं पोस्टरों का प्रदर्शन*






*पुरस्कार वितरण समारोह*

- संस्थान में अगस्त 18, 2023 को दीक्षांत समारोह का आयोजन जिसमें हिंदी में संस्थान संबंधी लघु विवरणिका, निमंत्रण पत्र तैयार करना एवं द्विभाषी प्रमाण पत्रों का वितरण।
- ***नराकास राजभाषा पुरस्कार योजना वर्ष (2021-22) के अधीन पुरस्कार***
  राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ट कार्यान्वयन केलिए नराकास राजभाषा पुरस्कार (श्रेणी – 3) में आईआईएसटी को पुरस्कार